web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 29 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-177

## दुर्लभ होने के साथ बेहद खतरनाक भी था टेस्ट

### ऐंटी सैटलाइट हथियार

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत ने अंतरिक्ष में एंटी मिसाइल से एक लाइव सैटेलाइट को मार गिराते हुए आज अपना नाम अंतरिक्ष महाशक्ति के तौर पर दर्ज करा दिया। भारत द्वारा एंटी-सैटलाइट हथियार का किया गया टेस्ट बहुत ही दुर्लभ और खतरनाक था। इस सैटेलाइट किलर मिसाइल के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी घोषणा खुद पीएम मोदी ने की। अगर अब तक हुए एंटी-सैटलाइट टेस्ट की बात करें तो अमेरिका में इसे 1959 में किया गया। इसके कुछ समय बाद ही सोवियत यूनियन ने ऐसा ही एक टेस्ट किया। सोवियन यूनियन ने 1960 और 1970 में यह टेस्ट किया। रूस ने ऐसे हथियार का टेस्ट किया, जिसे ऑर्बिट में लॉन्च किया जा सकता है, जो दुश्मन की सैटलाइट तक पहुंच सकता है और उसे तबाह कर सकता है।



इसके बाद अमेरिका ने 1985 में एफ-15 फाइटर जेट से एजीएम-135 का परीक्षण किया और अमेरिकी उपग्रह सोलविंड पी 78-1 को तबाह किया। इसके बाद 20 साल तक कोई परीक्षण नहीं हुआ। आज पीएम मोदी ने जब टेस्ट की सफलता का ऐलान किया तो उन्होंने साफ रूप से कहा कि हमने जो नई क्षमता हासिल की है, यह किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि तेज गति से बढ़ रहे हिन्दुस्तान की रक्षात्मक पहल है। उन्होंने वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे किसी अंतरराष्ट्रीय कानून या संधि का उल्लंघन नहीं हुआ है। भारत हमेशा से अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ के विरूद्ध रहा है और इससे :उपग्रह मार गिराने से: देश की इस नीति में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

एंटी सैटलाइट टेस्ट इतना खतरनाक होता है कि इसका मलबा दूसरी सैटलाइट और स्पेसक्राफ्ट के लिए समस्या पैदा कर सकता है। मलबे के छोटे-छोटे कण स्पेस में राइफल बुलेट से भी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पाकिस्तान में एक और हिंदू लड़की अगवा

**पिता ने लगाई गुहार**

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान में दो नाबालिग हिंदू बहनों को कथित रूप से अगवा कर उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाए जाने के कुछ दिनों बाद सिंध प्रांत में हथियारबंद लोगों ने एक और हिंदू लड़की को अगवा कर लिया। मंगलवार को लड़की के पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार 17 मार्च को उनकी 14 साल की बेटी को चार हथियारबंद लोगों ने घर से अगवा कर लिया। इन चार में तीन को वह नहीं जानते हैं। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि घटना सोमवार रात की है।

### भारत के मिशन शक्ति से पाक में खलबली

**शांति की बात करने लगा चीन**

इस्लामाबाद (आरएनएस)। आज भारत उपग्रह-भेदी क्षमता हासिल कर चौथा अंतरिक्ष महाशक्ति बन गया है। आज भारतीय वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 300 किलीमीटर दूर एक उपग्रह को नष्ट कर दिया। ए-सैट ने पूर्व निर्धारित लक्ष्य सिर्फ तीन मिनट में नष्ट कर दिया। भारत के इस बड़े कदम से चीन और पाकिस्तान में खलबली मच गई है। भारत के मिशन शक्ति पर पाकिस्तान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि युद्ध की ओर जाने वाले कदम से बचने की जरूरत है। इतना ही नहीं पाकिस्तान ने ये भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि ऐसे परीक्षण को देखे।

### चीन में मध्यम स्तर के भूकंप के झटके

बीजिंग (आरएनएस)। उत्तर-पश्चिम चीन में किन्हाई प्रांत के मंग्या शहर में गुरुवार सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर मध्यम स्तर के भूकंप के झटके महसूस किये गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गयी।

### अमेरिका में गोलीबारी से दो की मौत, दो घायल

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में सिएटल के उत्तरी क्षेत्र सेंड पाइंट में एक बंदूकधारी की गोलीबारी से दो लोगों की मौत हो गई और अन्य दो लोग घायल हो गए। अमेरिकी पुलिस ने यह जानकारी दी। सिएटल पुलिस विभाग ने बुधवार को जारी बयान में कहा, एक बंदुकधारी ने मंगलवार को सेंड पाइंट में कई वाहनों पर गोलीबारी की जिसमें मेट्रो बस भी शामिल थी। इस हमले में दो व्यक्तियों की मौत हो गई और एक पुरुष तथा एक महिला घायल हो गयी। बंदूकधारी पुलिस हिरासत में है।

### अंतरिक्ष में भी बढ़ी भारत की सैन्य ताकत

**पीएम मोदी को देश के नाम संदेश**

नई दिल्ली (आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को एक संदेश में बताया है कि भारत ने अंतरिक्ष में बड़ी कामयबी हासिल करते हुए लो अर्थ ऑर्बिट में एक सैटलाइट को मार गिराया है। अंतरिक्ष में 300 किलोमीटर की दूरी पर सैटलाइट को मार गिराने के इस अभियान को मिशन शक्ति नाम दिया गया था। इस अभियान की सफलता के साथ ही भारत दुनिया में चौथी अंतरिक्ष महाशक्ति बन गया है, जिसके पास अंतरिक्ष में भी अपनी रक्षा करने की क्षमता है।

### भारत और श्रीलंका की सेना के बीच सैन्य अभ्यास शुरू

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सेना और श्रीलंका की सेना के 14 दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास मित्र शक्ति-6 की दियातलावा, बदूला, श्रीलंका में दियातलावा परेड ग्राउंड में 27 मार्च को शुरूआत हुई। दोनों देशों के बीच संयुक्त अभ्यास का यह छठा संस्करण है। यह युद्धाभ्यास 26 मार्च से शुरू होकर 08 अप्रैल, 2019 तक चलेगा।

### शोपियां में आतंकवादियों ने स्थानीय नागरिक को गोलियों से भून डाला

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिला में बुधवार को आतंकवादियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।

## पीओके में बंद किये 4 आतंकी कैंप

### भारत के एक्शन से डरा पाकिस्तान



नई दिल्ली (आरएनएस)। 14 फरवरी को पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीत तल्खी के संबंध बने हुए हैं। भारतीय सेना पाकिस्तान को उसके हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के इन हमलों का उस पार मौजूद आतंकी संगठनों में काफी खौफ दिख रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद 4 आतंकी कैंपों को बंद कर दिया गया है। ये इसलिए किया गया है कि क्योंकि भारतीय सेना लगातार इन्हें निशाना बना रही हैं। खुफिया इनपुट्स की मानें तो 16 मार्च को पीओके में एक बैठक हुई, निकियाल में हुई इस बैठक में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अशफाक बड़वाल भी शामिल हुए थे। ये इलाका राजौरी क्षेत्र के आसपास का है।

बैठक में ही ये तय किया गया है कि यहां पर मौजूद सभी आतंकी संगठनों को बंद जाए, क्योंकि भारत की ओर से लगातार सीज़फायर उल्लंघन का जवाब भारी गोलीबारी से दिया जा रहा है। इसकी वजह से ये कैंप भी निशाने पर आ सकते हैं।

पाकिस्तान ने जिन कैंपों को बंद करने का फैसला किया है, वह कोटली और निकियाल सेक्ट में हैं जो सुदंरबनी और राजौरी के पास हैं। चारों आतंकी कैंपों का संचालन आतंकी अशफाक बड़वाल ही किया करता था, तभी आईएसआई ने अपना सीधा संदेश उसे ही दिया।


जबकि दो कैंप पाला और बाघा क्षेत्र में हैं जो जैश-ए-मोहम्मद के द्वारा संचालित किए जाते हैं। गौरतलब है कि 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले के बाद से ही सीजफायर का उल्लंघन बढ़ा है। सिर्फ 2019 में ही 634 बार सीजफायर का उल्लंघन किया गया है, जबकि पिछले साल 1629 बार सीजफायर का उल्लंघन किया गया था।

## मोदी जम्मू एवं कश्मीर में आज करेंगे चुनाव प्रचार का आगाज

जम्मू (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी लोकसभा चुनावों के लिए जम्मू एवं कश्मीर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि क्षेत्र में पार्टी के चुनाव प्रचार की भव्य शुरुआत गुरुवार को जम्मू शहर के बाहरी क्षेत्र भारवाल की डूमी पंचायत में मोदी की विजय संकल्प रैली से होगी। प्रधानमंत्री यहां जनसभा स्थल पर शाम करीब 4.30 बजे पहुंचेंगे और आधे घंटे के बाद भाजपा के दो उम्मीदवारों- जम्मू से जुगल किशोर शर्मा और उधमपुर से जितेंद्र सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

## कुछ लोगों को ए-सैट की जगह थिएटर का सेट सुनाई दिया:मोदी

### पीएम का राहुल पर तंज




मेरठ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मेरठ से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की. मेरठ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला. कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को मिशन शक्ति को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा था और उन्हें थिएटर डे की बधाई दी थी. गुरुवार को पीएम मोदी ने इस पर पलटवार किया.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कल भी आपने देखा होगा कैसे अंतरिक्ष में हासिल की गई हमारे देश की महान उपलब्धि को इन लोगों ने नजरअंदाज किया. कैसी-कैसी बातें बोलीं, मैं तो हैरान हूं. मुझे तो उनकी बुद्धिमत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं. अगर कोई थिएटर में नाटक देखने जाता है तो वहां क्या सुनाई देता है? वहां सेट शब्द बड़ा कॉमन होता है. बार-बार सुनाई देता है. कुछ बुद्धिमान लोग ऐसे हैं जब कल में ए-सैट की बात करता था तो वे कनफ्यूज हो गए, समझे कि मैं थिएटर के सेट की बात कर रहा हूं.

## भारत खुद को सुरक्षित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा :कोविंद

जाग्रेब (आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की कार्रवाई के संदर्भ में कहा कि भारत अपनी रक्षा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी ने 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर फिदायीन हमला किया था जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है।



भारतीय वायु सेना ने बालाकोट में जैश के प्रशिक्षण अड्डों पर आतंकवादी रोधी अभियान चलाया था। कोविंद क्रोएशिया की यात्रा करने वाले भारत के पहले राष्ट्राध्यक्ष हैं। वह तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत अपनी पत्नी सविता कोविंद के साथ सोमवार को यहां पहुंचे। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ निरंतर समर्थन के लिए क्रोएशिया सरकार का मंगलवार को आभार व्यक्त किया।


कोविंद ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'भारत के संबंध में, हम यह स्पष्ट कर चुके हैं कि हम अपनी रक्षा और सुरक्षा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे ताकि हम अपने लोगों की सलामती सुनिश्चित कर सकें। शांति और सुरक्षा मानवता की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। हम आतंकवाद के खिलाफ लगातार समर्थन के लिए क्रोएशिया की सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। दुनिया को आतंकवादियों को शरण देने और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की जरूरत है।

उन्होंने यहां रह रहे प्रवासी भारतीयों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। कोविंद ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का आज एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह मजबूत आर्थिक संकेतकों के साथ सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

## दो अप्रैल को कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र जारी करेंगे राहुल!

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2019 के लिए कांग्रेस 2 अप्रैल को घोषणापत्र जारी कर सकती है. कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 2 अप्रैल को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव घोषणा पत्र जारी कर सकते हैं. मिली जानकारी के मुताबिक, घोषणा पत्र के ऐलान के समय यूपीए प्रमुख सोनिया गांधी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, गुलाम नवी आज़ाद, अहमद पटेल, केसी वेणुगोपाल सरीखे नेता प्रेसवार्ता में शामिल होंगे. कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में न्यूनतम आय योजना के तहत गरीबों को 72,000 रुपये सालाना देने के वादे के साथ-साथ कुछ अन्य अहम वादों को भी जगह दे सकती है. कांग्रेस अध्यक्ष ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो गरीबी हटाने के लिए न्यूनतम आय योजना लागू करेगी.

## जेडीएस नेता के आवास सहित कई उद्योगपतियों पर आयकर विभाग का छापा




बेंगलुरू (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को कर्नाटक के कर चोरी के आरोपी कुछ उद्योगपतियों के परिसरों में छापेमारी शुरू की है। गुरुवार को राज्य के लघु सिंचाई मंत्री और जेडीएस नेता सीएस पुत्तराजू के आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। साथ ही सिंचाई विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग के 17 ठेकेदारों और 7 अधिकारियों के बेंगलुरू, हासन, मांड्या और मैसूर स्थित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया, कर चोरी, आय का स्त्रोत ना बताने तथा आयकर ना भरने के आरोपी कुछ उद्योगपतियों के बेंगलुरू तथा राज्य के अन्य स्थानों पर स्थित ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। इससे पहले आयकर विभाग ने बुधवार को भी एक प्रमुख कर डिफाल्टर को कथित रूप से 5.4 करोड़ रुपये का बकाया कर न चुकता करने के लिए गिरफ्तार किया था। कर्नाटक के मुख्य आयकर आयुक्त ने कहा था, दो बार विधानसभा चुनाव और एक बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके डिफाल्टर ने आयकर अधिनियम 1961 के तहत स्वीकृत समय के भीतर 5.4 करोड़ रुपये बकाया कर का चुकता नहीं किया है।

## शत्रुघ्न पर कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द

### पार्टी ज्वाइन करने में हो सकती है देरी

पटना (आरएनएस)। शत्रुघ्न सिन्हा पर कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द हो गई है. कॉन्फ्रेंस



रद्द होने की वजह से सिन्हा को पार्टी ज्वाइन करने में देरी हो सकती है. खबर है कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी फिलहाल अपने आवास पर बिहार कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं. इस बैठक में सीटों को लेकर बातचीत हो रही है इसी वजह से यह प्रेस कॉन्फ्रेंस फिलहाल टल गई है.

## प्रधानमंत्री चुनावी लाभ के लिए कर रहे सरकारी तंत्र का दुरुपयोग : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की बिना पूर्व अनुमति के प्रधानमंत्री ने देश के नाम प्रसारण क्यों व कैसे किया जबकि देश में इमरजेंसी जैसे कोई हालात नहीं थे। यह चुनावी लाभ हेतु सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है। उन्होंने ट्वीट किया, पिछले अनुभव साबित करते हैं कि भाजपा के नेतागण नये-नये तरीकों से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने में माहिर व बदनाम रहे हैं और कल फिर बिना पूर्व अनुमति के ही पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया जबकि कोई इमरजेंसी नहीं थी।



देश सांस रोके परेशान रहा। आयोग कृपया सख्ती करे। उन्होंने आगे लिखा, चुनाव आयोग द्वारा पीएम मोदी के कल के भाषण की जांच हेतु कमेटी बनाना अच्छी बात है, किन्तु मूल प्रश्न यह है कि आयोग की बिना पूर्व अनुमति के पीएम ने देश के नाम प्रसारण क्यों व कैसे किया, जबकि देश में इमरजेंसी जैसे कोई हालात नहीं थे। यह चुनावी लाभ हेतु सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है।

## कांग्रेस में शामिल हुईं उर्मिला मातोंडकर

### उत्तर मुंबई लोस सीट से लड़ सकती हैं चुनाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। बॉलीवुड में छम्मा छम्मा और रंगीला गर्ल के नाम से मशहूर अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर कांग्रेस में शामिल हो गई हैं। उर्मिला सुबह 11 बजे दिल्ली पहुंचीं. जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर आधिकारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ऐसी खबरें हैं कि वह उत्तर मुंबई से चुनाव लड़ सकती हैं। उर्मिला के साथ कांग्रेस नेता संजय निरुपम, विधायक असलम शेख, जीएस भूषण पाटिल आदि भी दिल्ली पहुंचे हुए थे।




कांग्रेस में उर्मिला को पार्टी में शामिल करके उन्हें उत्तर-मुंबई से लोकसभा का टिकट देने की तैयारी चल रही है। वैसे इस सीट से कांग्रेस में पहले से ही शामिल बिग-बॉस फेम शिल्पा शिंदे और असावरी जोशी भी चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक बताए जा रहे थे। ध्यान रहे कि बीजेपी ने अपने इस मजबूत गढ़ में मौजूदा सांसद गोपाल शेट्टी को ही एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने उर्मिला मातोंडकर को पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी और उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मीडिया में पहले से ही यह खबर आ रही थी कि अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर कांग्रेस के टिकट पर मुंबई से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

राहुल गांधी के नेतृत्व के बारे में उर्मिला मातोंडकर ने कहा, आज के दौर में हमें ऐसा नेता चाहिए जो सबको साथ लेकर चलने वाला नेता हो, जो सबको न्याय दिलाने में यकीन करता हो।

## 'राम की जन्मभूमि' की रिलीज पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने सनोज मिश्र निर्देशित फिल्म राम की जन्मभूमि की रिलीज पर रोक लगाने से गुरुवार को इन्कार कर दिया। याचिकाकर्ता प्रिंस याकूब हबीबुद्दीन टुसी की ओर से वकील लिली थॉमस ने न्यायमूर्ति एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने दलील दी कि 29 मार्च को इस फिल्म के रिलीज होने से राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद जमीन विवाद को सुलझाने के लिए जारी मध्यस्थता प्रक्रिया प्रभावित होगी, इसलिए इसकी रिलीज पर तत्काल रोक लगायी जानी चाहिए।




न्यायमूर्ति बोबडे ने, हालांकि फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए कहा, मध्यस्थता प्रक्रिया और फिल्म की रिलीज में कोई संबंध नहीं है। न्यायालय याचिका की सुनवाई दो सप्ताह बाद करेगी।

इस फिल्म की कहानी अयोध्या के विवादित राम जन्मभूमि के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म के प्रोड्यूसर और लेखक शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष वसीम रिजवी और सहायक निर्देशक विकास कुमार सिंह हैं। फिल्म में मनोज जोशी और गोविंद नामदेव नजर आएंगे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फिल्म की रिलीज से अयोध्या मामले में जारी मध्यस्थता प्रक्रिया प्रभावित होगी। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने अयोध्या विवाद को मध्यस्थता के हवाले हल करने का एक मौका दिया है।